न्यायालय उपखण्ड अधिकारी डूंगरपुर

पीठासीन अधिकारी सांवरलाल आबासरा आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या 100/2025 दायर दिनांक 14.10.2025

ऑनलाईन नम्बर 2025/135

संरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बलवाडा

प्रार्थी

बनाम

तहसीलदार, डूंगरपुर जरिये राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,132 व 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

आदेश

दिनांक 16.10.2025

यह प्रकरण तहसीलदार डूंगरपुर द्वारा मौके पर चल रहे रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने हेतु राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131,132 व 136 के तहत राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप–6) विभाग के परिपत्र कमांक प.3(2) राज–6 2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.08.2016 के तहत सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बलवाडा के प्रार्थना के प्रस्तुत होने से किया गया है।

प्रार्थना पत्र अनुसार मौजा चक बलवाडा पटवार मण्डल बलवाडा तहसील व जिला डूंगरपुर

जमाबन्दी अनुसार विवरण				मौके पर चल रहे रास्ते का प्रस्तावित विवरण				
खातेदार का नाम	खसरा न.	रकबा (हेक्ट.)	किस्म	प्रस्तावित खसरा न.	रास्ते की लम्बाई (फीट)	रास्ते की चौडाई (फीट)	रकबा (हेक्ट.)	किस्म
श्री सरकार	6774	1.12	मगरी	6774/1	-	-	0.6255	मगरी
				6774/2	393	30	0.1095	रास्ता
				6774/3	-	-	0.3850	मगरी
	6773	1.49	मगरी	6773/1	-	-	0.9573	मगरी
				6773/2	261	30	0.0727	रास्ता
				6773/3	-	-	0.4600	मगरी
	6533	16.97	मगरी	6533/1	-	-	4.5800	मगरी
				6533/2	2116	30	0.5897	रास्ता
				6533/3	-	-	11.6561	मगरी
				6533/4	184	30	0.0512	रास्ता
				6533/5	-	-	0.0930	मगरी
	6547	1.41	मगरी	6547/1	-	-	0.6056	मगरी
				6547/2	584	30	0.1627	रास्ता
				6547/3	-	-	0.4025	मगरी
				6547/4	-	-	0.2392	मगरी
जीवा/संगाभीत	7013/6533	0.48	बीडा	7013/1	46	30	0.0128	रास्ता
				7013/2	-	-	0.4672	बीडा

मौजा बलवाडा के उक्त खसरों में पटवारी हल्का, भू अभिलेख निरीक्षक की मौका फर्द अनुसार मौके पर उक्त खसरा राजस्व रिकॉर्ड में बिलानाम सरकार दर्ज है पर बलवाडा कलाल घाटा से मदाफला की ओर ग्रामीण डामर सडक बनी हुई है जो वर्षो से रास्ता चलायमान होकर अतिक्रमण रहित सार्वजनिक आवागमन हेतु उपयोग में आ रहा है तथा किसी नदी, नाले एवं तालाब पेटे में स्थित नही है। उक्त खसरे में तहसीलदार डूंगरपुर ने उक्त रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किये जाने को प्रकरण प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में प्रस्तुत पत्रावली का अवलोकन किया गया एवं राजस्व रिकॉर्ड एवं तहसीलदार डूंगरपुर द्वारा प्रस्तुत प्रकरण में पटवारी हल्का, भू अभिलेख निरीक्षक की रिपोर्ट एवं तहसीलदार डूंगरपुर द्वारा राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुये की गयी रिपोर्ट व गश्त गिरदावरी अनुसार मौजा बलवाडा पटवार मण्डल बलवाडा तहसील डूंगरपुर जिला डूंगरपुर में स्थिति सारणी में दर्शाये गये रास्ते की चौडाई, लम्बाई (गटठा में) रिपोर्ट एवं रास्ते का क्षेत्रफल रकबा में जो कि संलग्न नजरी नक्शें में लाल श्याही दर्शायें गये रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में रास्ते के रूप में दर्ज किये जाने के आदेश तहसीलदार डूंगरपुर को दिये जाते है। संलग्न नजरी नक्शा परिशिष्ठ अ इस आदेश का अंग समझा जायेगा।

आदेश आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे द्वारा लिखया जाकर खुले इजलास में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
डूंगरपुर

(सांवरलाल आबासरा)
उपखण्ड अधिकारी,
डूंगरपुर